राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–विज्ञप्ति

क्रमांक : एफ.6(33) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(संस्कृत शिक्षा)/2016–2017/987 **दिनांक : 27.08.2021**

आयोग द्वारा प्राध्यापक–(संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के अंतर्गत विभिन्न विषयों के पदों हेतु जारी आरक्षित सूची में नवचयनित अभ्यर्थियों को परिणाम जारी होने की दिनांक से 05 दिवस की समयावधि में विस्तृत आवेदन पत्र मय वांछित मूल दस्तावेंज प्रस्तुत करने हेतु **प्रथम अवसर** एवं पुनः दिनांक 25.08.2021 को उपस्थित होने हेतु **द्वितीय अवसर** प्रदान किया गया था। उक्त दिवसों में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा **अंतिम अवसर** प्रदान करते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि वे को भरे हुए विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियां मय स्वप्रमाणित दस्तावेजों की एक प्रति व मूल दस्तावेजों के साथ व्यक्तिशः पात्रता जांच हेतु दिनांक–03.09.2021 को आयोग कार्यालय में उपस्थित होवें। इस हेतु अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पृथक से कोई ऑफलाईन पत्र जारी नहीं किया जावेगा।

उक्त निर्धारित दिनांक को पात्रता जांच हेतु उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी की उक्त पद हेतु पात्रता रद्द कर दी जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। **काउन्सलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।**

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव